मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-225
30/04/2020

मुख्यमंत्री ने मई दिवस के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 30 अप्रैल 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मई दिवस के अवसर पर प्रदेश एवं देश के सभी श्रमिक भाई–बहनों को बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि विकास, औद्योगिक विकास एवं उत्पादकता को बढ़ाने में श्रमिकों की मेहनत एवं ताकत की बड़ी भूमिका रही है और आगे भी रहेगी। श्रम एवं श्रमिकों का सम्मान हमारी संस्कृति का अंग है।

मुख्यमंत्री ने अपील की कि वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुये प्रत्येक व्यक्ति का सचेत रहना नितान्त आवश्यक है। इसका सबसे अच्छा उपाय सोशल डिस्टेंसिंग है। आपके सहयोग से ही इस महामारी से निपटने में सफलता मिलेगी। कोरोना से भयभीत न हों, सजग रहें, सचेत रहें, तभी हम सब सुरक्षित रहेंगे।

******